लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोकसभा अध्यक्ष ने मकर संक्रांति,पोंगल, बिहू एवं अन्य पर्वों की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी/LOK SABHA SPEAKER GREETS THE NATION ON THE EVE OF MAKAR SANKRANTI, PONGAL, BIHU AND OTHER FESTIVALS

***

नई दिल्ली, 13 जनवरी 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने मकर संक्रांति,पोंगल, बिहू एवं अन्य पर्वों की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"फसल कटाई एवं सूर्य आराधना के पर्व, मकर संक्रांति, बिहू और पोंगल पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

हम बड़े सौभाग्यशाली हैं कि हमारी परंपराओं, रीति-रिवाजों में ऐसे दिनों को विशेष स्थान दिया गया है जब हम प्रकृति और भूमि की दानशीलता के लिए उनका आभार प्रकट करते हैं। जब सूर्य देव उत्तरायण में प्रवेश करते हैं, हमारे जीवन में ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर पकी हुई फसल की कटाई कर हमारे किसान भाई उसे प्रकृति और देवताओं को अर्पित करते हैं।

देश के अलग-अलग हिस्सों में यह रीति, परंपराएं, त्यौहार निभाए जाते हैं इसी भावना के साथ इन दिनों देश में मकर संक्रांति, और अन्य पर्व मनाये जा रहे है।

आप सभी से अनुरोध है कि कोविड प्रोटोकोल और स्वास्थ्य की देखभाल करते हुए त्यौहार मनाए । कोरोना संक्रमण का अधिक प्रसार ना हो। इसके लिए हमें सावधानियां बरतनी पड़ेगी इसी संदेश एवं

अभिलाषा के साथ सभी देशवासियों को इन पावन पर्वों और उत्सवों पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई देता हूं।

जय हिंद!"

New Delhi, 13 January, 2022: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla has greeted the nation on the eve of Makar Sankranti, Pongal, Bihu and other festivals. In his message, Shri Birla said:

"I extend warm greetings and best wishes to the nation on festivals dedicated to harvest and sun worship, which are Makar Sankranti, Bihu and Pongal.

We are very fortunate that such days have a special place in our traditions and customs on which we express our gratitude to mother nature. When Surya Dev enters Uttarayan, there is an influx of life and energy in our surroundings. On this occasion, after harvesting the ripe crop, our farmer brothers offer it to nature and our Gods.

In this festive spirit we are celebrating Makar Sankranti, Pongal, Bihu and other festivals across the country.

Let us celebrate these festivals by following COVID protocols and health guidelines. We must take precautions to ensure that there is no more spread of corona. With this message, I extend my best wishes to the nation.

Jai Hind!"